कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांकः 3921 /FP/UK/ROAD/9783/2015 दिनॉकःदेहरादूनः 27 जून, 2017

सेवा में,

श्री आर० के० पाठक,
वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
कमरा नं०–A-361 IIIrd floor,
अग्नी ब्लाक, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड़,
नई दिल्ली, पिन–110003

विषयः– उत्तराखण्ड राज्य से सम्बन्धित जनपद चमोली के अन्तर्गत कोटी बैण्ड से घतोड़ा मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.099 है० (आनलाईन फाईल सं० FP/UK/ROAD/9783/2015) अपलोडेड वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव से सम्बन्धित तकनीकी कठिनाईयों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तराखण्ड राज्य से सम्बन्धित जनपद चमोली के अन्तर्गत कोटी बैण्ड से घतोड़ा मोटर मार्ग (आनलाईन फाईल सं० FP/UK/ROAD/9783/2015) अपलोडेड वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, पौड़ी के पत्र संख्या–3656 / 12–1 दिनांक 14–06–2017 (प्रति संलग्न) द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त मोटर मार्ग के प्रकरण में प्रस्ताव Edit mode न होने के कारण Non Forest Land की प्रविष्टि किसी भी पैरा में नहीं हो पा रही है। वन संरक्षक द्वारा अपने उक्त पत्र के माध्यम से यह भी सूचित किया गया है कि यदि प्रस्ताव Withdraw कर पुनः ऑनलाईन किया जायेगा तो वन भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति प्राप्त करने में अधिक समय लगने की पूर्ण सम्भावना बनी रहेगी। अतः वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, पौड़ी के उक्त पत्र की प्रति संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया उक्त प्रकरण में तकनीकी कठिनाई को ठीक करने का कष्ट करें।

संलग्नः–यथोपरि।

भवदीय,

(विनोद कुमार)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्या 3921 /FP/UK/ROAD/9783/2015 दिनांकित।

प्रतिलिपि वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, पौड़ी को उनके उपरोक्त उल्लिखित पत्र दिनांक 14–06–2017 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, कर्णप्रयाग को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली से सम्पर्क कर उक्त कठिनाई को ठीक करवाने का कष्ट करें।

(विनोद कुमार)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी